हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 पुलिस ने नेपाल बार्डर बहराइच उत्तरप्रदेश से धोखाधड़ी के 2 आरोपियों को पकड़ा




### डेढ़ टन कोयला, 19 बाइक, 13 साईकिल जब्त, हरिभूमि द्वारा प्रकाशित खबर के बाद हुआ बड़ा असर

# अमेरा खदान में कोयला चोरों के खिलाफ बड़ा एक्शन, 21 गिरफ्तार

**अंबिकापुर/लखनपुर।** अमेरा कोयला खदान में चोरी करने वाले गिरोह के खिलाफ सरगुजा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। हरिभूमि द्वारा खबर प्रकाशित किए जाने के बाद एसईसीएल की शिकायत पर पुलिस ने खदान क्षेत्र में छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने कोयला चोरी में लगे 21 लोगों को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों से डेढ़ टन अवैध कोयला, 13 साइकिल, 19 बाइक समेत 6 लाख रुपए का सामान जब्त किया है। पुलिस ने कोयला चोरी करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

खबर का असर

बता दें कि लखनपुर थाना क्षेत्र में संचालित अमेरा कोयला खदान में आस पास से ग्रामीणों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर कोयला की चोरी की जा रही थी। 200 से अधिक बाइक लेकर चोर गिरोह में खदान परिसर में प्रवेश करते थे और दबंगई दिखाते हुए कोयला की चोरी करते थे। बड़ी बात यह है कि यदि खदान परिसर में मौजूद कर्मचारियों व सुरक्षा कर्मियों द्वारा कोयला चोरी से रोकने पर कोयला चोर गाली गलौज और मारपीट पर उतर आते थे। कोयला चोरी करने वाले ग्रामीणों द्वारा गिरोह बनाकर परिसर में प्रवेश करने के कारण एसईसीएल प्रबंधन भी बेबस हो गया था। इस चोरी से प्रबंधन को प्रतिदिन लाखों रुपए का नुकसान हो रहा था। संगठित बाइकर्स गैंग द्वारा कोयला चोरी किए जाने की खबर को हरिभूमि ने 11 फरवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस दौरान एसईसीएल प्रबंधन ने भी चोरी की बात स्वीकार की लेकिन चोरों की दबंगई के आगे उनके हाथ भी बंधे हुए थे ऐसे में सरगुजा पुलिस ने कोयला चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई अमेरा खदान क्षेत्र में छापा मारा। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान आरोपियों से 1.5 टन कोयला, 13 साइकिल, 19 बाइक समेत 6 लाख रुपए का सामान जब्त करने के साथ ही आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 329(3), 303(2), 112(2) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इसके साथ ही पुलिस ने खदान के अतिरिक्त आसपास नदी के मुहनो पर अवैध कोयला उत्तखन्न हेतु किये गए गड्ढों को जेसीबी से भरवाकर समतल कराया गया है।



### बड़े तस्कर करा रहे चोरी

बताया जा रहा है कि ग्रामीण बाइक लेकर खदान में घुसते है और कोयला चोरी कर एक स्थान पर एकत्रित करते है उसके बाद चोरी के कोयला की बाइक से आस पास के ईंट भट्ठों में तस्करी की जाती है। कोयला निकालने के लिए खदान के अतिरिक्त नदी के मुहानों पर बड़े बड़े गड्ढे खोदे गए है। तस्कर कोयला निकालने के बाद घरों में भी इसका भंडारण करते है और पिकअप समेत अन्य भारी वाहनों से कोयला की तस्करी करते है। बड़ी बात यह है कि इन कोयला चोरों को बड़े कोयला तस्करों द्वारा बाइक उपलब्ध कराया जाता है। 200 से अधिक बाइकर्स चोर खदान में घुसते है। ऐसे में इन ग्रामीणों के साथ बड़े कोयला तस्करों को भी गिरफ्तार किए जाने की जरुरत है ताकि चोरी पर लगाम लगाई जा सके।

### इनको किया गया गिरफ्तार

कोयला चोरी के खिलाफ एसडीओपी ग्रामीण तुल सिंह पट्टावी, थाना प्रभारी लखनपुर संपत पोटाई के नेतृत्व में पुलिस बल कार्रवाई करने पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने लखनपुर थाना अंतर्गत लटोरी निवासी 31 वर्षीय पन्डरू राजवाड़े आ. खेलसाय, जोधपुर निवासी 30 वर्षीय धनेश्वर राजवाडे आ. राजदेव, 45 वर्षीय सपुरन आ.रामदेव, 35 वर्षीय भीन्गल राम आ. धरमसाय राजवाड़े, 22 वर्षीय राजेन्द्र प्रसाद आ. जय प्रकाश, गणेशपुर निवासी 45 वर्षीय रामदेव आ. देवरतन, रजपुरी निवासी 40 वर्षीय अनीष राजवाड़े आ. जयराम राजवाड़े, बिनकरा निवासी 45 वर्षीय सोनसाय आ. रमेश्वर, जयपुर में 38 वर्षीय रजन प्रसाद उर्फ जगेश्वर आ. बंधन राम, गांधीनगर सुखरी निवासी 30 वर्षीय सुखसाय आ. रामनंदन, 36 वर्षीय चमरू आ. रघुवीर, 30 वर्षीय चंदलाल आ. चक्रधारी, 24 वर्षीय बीरदेव आ. राम सिंह देव, 27 वर्षीय रामकुमार आ. गजानंद, 25 वर्षीय अमरेश आ. सोहना राम, 30 वर्षीय मनीजर आ. चमरू राम, 35 वर्षीय नीलम आ. सोनसाय, गांधीनगर गणेशपुर निवासी 45 वर्षीय फेंकू राम आ. भोदरो राम, लखनपुर परसोडी निवासी 22 वर्षीय अनुज यादव आ. बुधु राम यादव, झाबर निवासी 40 वर्षीय चंद्रभान आ. बोधन राम, गांधीनगर सोनपुर खुर्द निवासी 30 वर्षीय हरेश प्रसाद आ. जाकी राम को गिरफ्तार किया है।

## तीन दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण का मूल्यांकन प्रारंभ



**प्रतापपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तीन दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण का मूल्यांकन दस मानकों के आधार मनीष कुमार एवं पंकज कुमार त्रिपाठी द्वारा प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्रीय मूल्यांकन टीम का जिला, ब्लॉक नोडल और अस्पताल प्रबंधन द्वारा राष्ट्रीय मूल्यांकन कर्ता का स्वागत किया गया।

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश और सीएमएचओ डॉ. केडी पैकरा के मार्गदर्शन में एनक्वास प्रमाणीकरण के लिए जिला और राज्य स्तर पर मूल्यांकन पश्चात तैयार सीएचसी प्रतापपुर का 12 से 14 फरवरी तक राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम द्वारा अस्पताल के सभी विभाग का मूल्यांकन किया जाना है। चेकलिस्ट अनुसार लगातार तीन दिनों तक अस्पताल के सभी दस विभाग सामान्य प्रशासन, आईपीडी, ओपीडी , लैब, प्रसव कक्ष,आपातकालीन सेवा, एनबीएसयू, ऑक्जिलरी सेवा, रेडियोलॉजी एक्स रे, इनफेक्शन कंट्रोल एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम और ब्लॉक में संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम को राष्ट्रीय मानक के आधार पर आंकलन प्रारंभ किया। विदित हो कि प्रतापपुर ब्लॉक केंद्र सरकार के आकांक्षी ब्लॉक में शामिल है, जिसके कारण प्रतापपुर ब्लॉक के ज्यादातर अस्पतालों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण हो चुका है। गत दिवस पम्पापुर, सोनगरा, सिलौटा, धरमपुर और रमकोला अस्पताल का एनक्वास प्रमाणीकरण हो चुका है। आगामी माह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर का भी राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणीकरण होना है। कार्यक्रम में डीपीएम संदीप नामदेव, जिला नोडल शुभम श्रीवास्तव, रुद्रप्पा अंगाड़ी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अजीत दीवान, खंड कार्यक्रम प्रबंधक सतीश श्रीवास्तव, चिकित्सा अधिकारी डॉ. ललित सिंह, डॉ. विकास गुप्ता, डॉ. कृति रंजन गुप्ता, डॉ. प्रज्ज्वल सिंह, डॉ. शिव संतोष, राजेश वर्मा, नीरज दास, कमलेश सोनी, मीना राजवाड़े, चिरंजीव सिन्हा, हाफिज अंसारी, राम विलास, यूके महिलागे, विनीत खरे, एमडी राजा, गोपाल सिंह, सुमन किंडो, इन्द्रमणि, आदर्श चक्रधारी, विनोद रवि, सुशीला बड़ा सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मैनपाट महोत्सव के दौरान बंद रहेंगी शराब दुकानें

**अंबिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अजीत वसंत द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोजित मैनपाट महोत्सव 13, 14 एवं 15 फरवरी को कानून व्यवस्था एवं लोक शांति को दृष्टिगत रखते हुए रोपाखार मैनपाट में संचालित एफ एल-1 घघ-कम्पोजिट (कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान रोपाखार) विदेशी मदिरा दुकान को पूर्णतः बंद रखने हेतु उपरोक्तानुसार दिवसों को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। घोषित शुष्क दिवस में मदिरा का विक्रय एवं परिवहन परोसना पूर्णतः बंद रहेगा। उन्होंने इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किए जाने कहा है।

### महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली 23 को

**बलरामपुर।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर और रायपुर के तत्वाधान में महिला सैन्य पुलिस के पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड झिंझरी कटनी (मध्यप्रदेश) में किया जाएगा। भारतीय सेना द्वारा 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस भर्ती रैली में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वे महिला उम्मीदवार हिस्सा लेंगी, जिन्होंने पूर्व में आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण कर ली है। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच 24 फरवरी को सेना अस्पताल, जबलपुर में की जाएगी। भर्ती रैली में शामिल होने वाली योग्य महिला उम्मीदवारों के प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए गए हैं, साथ ही उम्मीदवारों के ई-मेल पर भी भेजे गए हैं। सेना भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड, रैली अधिसूचना के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज, तथा आधार कार्ड से लिंक मोबाईल फोन साथ लाना अनिवार्य होगा।

### अब प्रत्येक सोमवार को होगी टीएल की साप्ताहिक बैठक

**बलरामपुर।** सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार जिले में प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनाने तथा जनहित को सर्वोपरि रखते हुए साप्ताहिक समय-सीमा बैठक के आयोजन में परिवर्तन किया गया है। जारी निर्देशानुसार अब संयुक्त जिला कार्यालय भवन, बलरामपुर के सभाकक्ष में आयोजित होने वाली समय-सीमा की बैठक प्रत्येक मंगलवार के स्थान पर प्रत्येक सोमवार को प्रातः 10 बजे आयोजित की जाएगी। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने सभी विभाग प्रमुखों एवं जिला अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने विभाग की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट एवं आवश्यक जानकारी के साथ अनिवार्य रूप से बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। समय-सीमा बैठक के पश्चात कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं और शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। जनदर्शन कार्यक्रम में भी सभी जिला अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी, ताकि प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

### जवाहर नवोदय विद्यालय हुआ फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम

**सूरजपुर।** जलि में फुटबॉल फॉर स्कूल्स कार्यक्रम का भव्य आयोजन पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई, में किया गया। कार्यक्रम में जलि के कुल 539 विद्यालयों तथा 75 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, शिवप्रसादनगर एवं पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, सूरजपुर के मध्य आयोजित मैत्री फुटबॉल मैच रहा। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन एवं खेल भावना का परिचय दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि फुटबॉल फॉर स्कूल्स जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता के विकास में सहायक सिद्ध होते हैं। इतने बड़े स्तर पर 539 विद्यालयों और 75 हजार से अधिक विद्यार्थियों तक इसका लाभ पहुंचना जिले के लिए गर्व का विषय है। कार्यक्रम में 30 से अधिक विद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थी शामिल हुए। सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यालय स्तर पर खेल गतिविधियों को नियमित रूप से बढ़ावा देने पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें विद्यार्थियों में खेल के प्रति नई ऊर्जा, प्रेरणा और सकारात्मक उत्साह स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

## मैनपाट महोत्सव का आगाज आज सीएम साय करेंगे उद्घाटन

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित रोपाखार जलाशय के समीप 13 से से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय मैनपाट महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य तथा पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता में होगा। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक, गीत संगीत से सजेगा छत्तीसगढ़ का शिमला आमंत्रित और स्थानीय कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुतियां होंगी। पहले दिन 13 फरवरी को भोजपुरी गायक मनोज तिवारी, छत्तीसगढ़ी गायक सुनील सोनी तथा ओडिशा के हरिपद मोहंता द्वारा छऊ नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। दूसरे दिन 14 फरवरी को छत्तीसगढ़ी गायिका अलका चंद्राकर, इंडियन आइडल एवं सारेगामापा फेम वैशाली रायकवार, गायक स्वप्नील जायसवाल सहित स्थानीय कलाकार मंच संभालेंगे। अंतिम दिन 15 फरवरी को प्रसिद्ध बॉलीवुड गायिका कनिका कपूर, रायगढ़ घराने की कथक नृत्यांगना ज्योतिश्री वैष्णव और छत्तीसगढ़ी गायक आयुष नामदेव अपनी प्रस्तुतियों से समा बाँधेंगे। इसके साथ ही स्कूली बच्चों द्वारा भी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। महोत्सव के दौरान ओपन कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। महोत्सव स्थल पर विशाल मेला लोगों को अपनी ओर आकर्षित करेगा, वहीं फूड जोन की भी उत्तम व्यवस्था होगी। इस दौरान रोपाखार जलाशय में बोटिंग की भी व्यवस्था की गई है। वहीं इस दौरान फैंसी पतंग उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे। जिसमें पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, नगरीय प्रशासन विभाग, वन विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, जेल विभाग, रेशम विभाग, समाज कल्याण विभाग, हस्तशिल्प विकास बोर्ड, स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल शामिल है।



### शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हुआ रेसलिंग मैट का शुभारंभ

**शंकरगढ़।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में रेसलिंग मैट का शुभ आरंभ मुख्य अतिथि सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा द्वारा फीता काटकर किया गया। सर्वप्रथम कुरास कुश्ती चार बार नेशनल में रजत पदक और कांस्य पदक विजेता लकीम टोप्पो एवं रामबली द्वारा कराई गई जिसमें विजेता रामबली रहे। फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में नेशनल में पांचवा स्थान प्राप्त रतु एवं राज्य कुश्ती प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त मनीष तिर्की के बीच कराई गई जिसमें विजेता रतु पैकरा रहे। विकास व मनेंद्र के बीच कुश्ती कराई गई इसके विजेता मनेंद्र रहे। इस अवसर पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने छात्रों एवं शिक्षकों को आश्वासन दिया कि आने वाले विधानसभा सत्र में जर्जर हो चुके विद्यालय भवन को नया भवन निर्माण के लिये बजट में जुड़वाने का प्रयास करूंगी।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल के हमर लैब में फिर से शुरू हुई जांच सुविधा

**अंबिकापुर।** राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के हमर लैब में एक बार फिर से जांच सुविधा शुरू हो गई है। अस्पताल में आने वाले ओपीडी के मरीजों की जांच भी अब हो सकेगी।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबंध चिकित्सालय के हमर लैब अंतर्गत बायोकेमिस्ट्री विभाग में पिछले कुछ महीनों से आवश्यक रीएजेंट की अनुपलब्धता के कारण ओपीडी (बाह्य रोगी विभाग) में आने वाले मरीजों की आवश्यक जांच सुविधाएं बाधित हो रही थीं। इस अवधि में चिकित्सालय में भर्ती (आईपीडी) मरीजों की जांच निर्बाध रूप से हो रही थी तथा ओपीडी मरीजों को ही असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या ने बताया कि वर्तमान में आवश्यक रीएजेंट की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। अब हमर लैब के बायोकेमिस्ट्री विभाग में सभी आवश्यक जांच पुनः नियमित रूप से प्रारंभ कर दी गई हैं। अब अस्पताल में आने वाले सभी ओपीडी एवं आईपीडी मरीजों की जांच की जा सकेगी। इस व्यवस्था के सुचारू संचालन से मरीजों को अब जांच हेतु बाहर भटकना नहीं पड़ेगा तथा समय पर जांच एवं उपचार संभव हो सकेगा। चिकित्सालय प्रबंधन द्वारा यह भी सुनिश्चित किया गया है कि भविष्य में रीएजेंट की कमी की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित आपूर्ति एवं स्टॉक मॉनिटरिंग की व्यवस्था सुदृढ़ की गई है। चिकित्सालय अधीक्षक ने बताया कि माननीय स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशानुसार मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना संस्थान की प्राथमिकता है तथा सभी विभागों में सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में निरंतर प्रयास जारी हैं।



### पार्षद ने किया 17 लाख की लागत से नाली निर्माण का भूमिपूजन

**अंबिकापुर।** शहर के गोधनपुर में विकास की शुरुआत पार्षद और अन्य नागरिकों की मौजूदगी में की गई। इस दौरान विधि विधान से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य कराया गया। बता दें कि गोधनपुर वार्ड में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व पार्षद शिव मंगल सिंह की पहल पर 17 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। शासन से मिली स्वीकृति और टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद गुरुवार को 17 लाख रुपए की लागत से नाली निर्माण का पार्षद शिवमंगल सिंह ने विधि विधान से भूमिपूजन किया गया। इस नाली के निर्माण से बारिश के दिनों में लोगों को सड़क पर पानी भरने सहित अन्य समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। इस दौरान गुरुचरण सिंह, शिव गुप्ता, राजेंद्र सिंह गुड्डा, सुरेश शर्मा, चंदू विश्वकर्मा, जफर खान, राजेंद्र बहादुर सिंह, दुलाल बैरागी आदि मौजूद थे।



## सरगुजा ओलंपिक के 12 विधाओं में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**सूरजपुर।** स्टेडियम ग्राउंड में जिला स्तरीय सरगुजा ओलंपिक का भव्य आयोजन किया गया। प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी के मुख्य आतिथ्य में सरगुजा ओलंपिक जूनियर वर्ग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विधायक भूलन सिंह मरावी, भीमसेन अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी व जिपं सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले ने गोला फेंक कर सरगुजा ओलंपिक खेल महाकुंभ की शुरुआत की और युवाओं का उत्साहवर्धन किया। इस खेल के महाकुंभ में जिले के समस्त विकासखंड से जूनियर वर्ग में 826 बालक व बालिकाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



इस अवसर पर विधायक भूलन सिंह मराबी ने कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अनिवार्य हिस्सा है। खेलने से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ और मज़बूत रहता है, बल्कि हमारा मन भी प्रसन्न और ऊर्जावान बना रहता है। खेल हमें अनुशासन सिखाता है, समय पर उठना, नियमों का पालन करना और टीम के साथ मिलकर काम करना। जब कोई बच्चा मैदान में गिरकर फिर से उठकर दौड़ता है, तो वह अनजाने में जीवन का सबसे बड़ा सबक सीख रहा होता है कि हार के बाद भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटेल ने कहा कि खेल चरित्र गढ़ने की सबसे अच्छी पाठशाला है। मैदान में जब कोई खिलाड़ी हारता है तो वह सीखता है कि हार को गरिमा के साथ कैसे स्वीकार करें।

### विद्युत नियामक आयोग की ऑनलाइन जनसुनवाई 18 को

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य नियामक आयोग द्वारा बिजली कंपनियों के समक्ष प्रस्तुत अम्बिकापुर की विविध याचिकाओं की ऑनलाइन जन सुनवाई 18 फरवरी को सुबह 10:30 से दोपहर 12 बजे तक की जाएगी। आयोग द्वारा 19 फरवरी को कृषि, घरेलू, गैर घरेलू एवं 20 फरवरी को स्थानीय निकाय, निम्न दाब एवं उच्च दाब उद्योगक के लिए प्रत्यक्ष जनसुनवाई रायपुर स्थित आयोग के कार्यालय में श्रेणीवार दोपहर 12 से 5.30 बजे तक की जाएगी।

### करंट लगने से हुई थी मौत, आईजी की मौजूदगी में बैंक अधिकारियों ने सौंपा चेक

## सैलरी पैकेज योजना के तहत निरीक्षक की पत्नी को मिली 1 करोड़ की बीमा राशि

**अंबिकापुर।** असामयिक मृत्यु के बाद निरीक्षक स्व. रामसाय पैकरा की पत्नी को निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत एक करोड़ रुपए की बीमा राशि प्रदान की गई। आईजी सरगुजा दीपक झा और बैंक के अधिकारियों ने मृतक निरीक्षक की पत्नी को 1 करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया।

बता दें कि सीतापुर अंतर्गत ग्राम सुर निवासी निवासी निरीक्षक रामसाय पैकरा जशपुर जिले नारायणपुर में थाना प्रभारी के पद पर पदस्थ थे। रामसाय पैकरा पुलिस मुख्यालय द्वारा आयोजित चंदखुरी में सात दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में सम्मलित होने गये थे। रिफ्रेशर कोर्स समाप्ति पश्चात 27 जुलाई 2025 को अपने घर सुर आए थे। इसी दौरान घर में बिजली करंट की चपेट में आने से उनकी असामयिक निधन हो गया था। रामसाय पैकरा पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर नियुक्ति एमपी के खरगोना में 1 जून 1983 को हुई थी। उनकी पदोन्नति वर्ष 1995 में प्रधान आरक्षक के पद पर हुआ, वर्ष 2004 में सहायक उप निरीक्षक, वर्ष 2009 में, उप निरीक्षक के पद पर एवं 2014 से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये थे। वे अपनी सेवाकाल के दौरान पुलिस विभाग में विभिन्न जिलों में रहकर अपनी सेवा दिये थे वर्तमान में जिला जशपुर में वर्ष 2022 से पदस्थ होकर कार्य कर रहे थे। सेवानिवृति से करीब 6 माह पूर्व श्री पैकरा का करंट लगने से दुर्घटना कारण से असामयिक निधन हो गया। ऐसे में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के पुलिस कर्मियों के भविष्य के लिए महत्वाकांक्षी निःशुल्क पुलिस सैलरी पैकेज के तहत भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू किया गया है। जिसके तहत स्व. निरीक्षक रामसाय पैकरा के नामिनी पत्नि मुनेश्वरी पैकरा को 1 करोड़ रुपए का जीवन बीमा सहायता चेक एसबीआई के उप महाप्रबंधक बिलासपुर आलोक रंजन, एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक अविनाश पाणिग्रही, मुख्य प्रबंधक एसबीआई शिरीष गीर एवं मुख्य प्रबंधक क्षेत्रीय कार्यालय चंदन राठौर द्वारा उनके परिजनों को उनकी जीवन बीमा की चेक सौपा गया। इस अवसर पर आईजी दीपक कुमार झा द्वारा बैंक से आये सभी बैंक अधिकारियों को सहयोग प्रदान करने हेतु उन्हें धन्यवाद दिया गया। यह सहायता न केवल परिवार को वित्तीय संबल के रूप में बल्कि विभागीय संवेदना व विभागीय उत्तरदायित्व के प्रतीक के रूप में प्रदान की गई।



## कुसमी, शंकरगढ़ में 5 लाख अवैध ईंट की गई जब्त



**बलरामपुर।** प्रशासन द्वारा जिले में अवैध संचालित ईंट भट्ठों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड शंकरगढ़ एवं कुसमी अंतर्गत अवैध रूप से संचालित ईंट निर्माण गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 5 लाख अवैध कच्ची ईंटें जब्त की गई हैं। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन एवं अनुविभागीय शंकरगढ़ विवेक अनमोल टोप्पो के नेतृत्व में तहसीलदार शंकरगढ़ के द्वारा संयुक्त रूप अवैध कच्चा ईंट लगभग 50 हजार को जब्त कर कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी कुसमी करूण डहरिया के नेतृत्व में तहसीलदार कुसमी के द्वारा ग्राम पंचायत कमलापुर, जवाहरनगर में संतोष, कुलदीप, जयशंकर, बिधना, जवाहर के द्वारा अवैध रूप से ईंट भट्ठे स्थापित कर 4 लाख 50 हजार ईंट निर्मित किया जाना पाया गया। जांच में पाया गया की बिना वैध दस्तावेज और सक्षम अनुमति के अवैध ईंट भट्ठे संचालित किया जा रहा था जहां निर्मित ईंट्टों को जब्त कर कार्यवाही की गई।

स्पेशलः वर्ल्ड रेडियो-डे

# ज्ञान-विज्ञान-मनोरंजन का खजाना

# रेडियो का सफर है बहुत सुहाना



बच्चो, एक समय था, जब घर-घर में लोग रेडियो सुनते थे। रेडियो के माध्यम से देश-विदेश के समाचार मिलते थे। ज्ञान-विज्ञान का खजाना होता था रेडियो। मनोरंजन का एक बहुत बड़ा साधन था रेडियो। आज भी लोग रेडियो सुनते हैं, इसका अपना एक अलग महत्व है। रेडियो की शुरुआत कैसे हुई, तुम्हारे लिए इससे जुड़ी कुछ जानकारियां।

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, तुमने घर में अपने दादा जी को बड़े ध्यान से रेडियो सुनते देखा होगा। यही नहीं तुम भी कार या कैब में एफएम रेडियो पर सुरीले गीत और मनोरंजक कार्यक्रम सुनते होगे। तुम्हारे मन में कभी-कभी यह सवाल आता होगा, रेडियो की शुरुआत कैसे और कब हुई? यह कैसे इतना लोकप्रिय हो गया? आज विश्व रेडियो दिवस (13 फरवरी) के अवसर पर जानो, रेडियो से जुड़ी कुछ रोचक बातें।

**संचार का सशक्त माध्यमः** बच्चो, रेडियो सिर्फ एक मशीन नहीं, बल्कि एक ऐसा दोस्त है, जो बिना चेहरा दिखाए हमें दुनिया से जोड़े रखता है। हर साल 13 फरवरी को दुनिया भर में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है, ताकि संचार के इस पुराने सशक्त माध्यम के महत्व को समझा और सराहा जा सके।

**स्वतंत्रता आंदोलन का साथी रेडियोः** बच्चो, भारत की आजादी की लड़ाई में रेडियो का बड़ा योगदान रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान रेडियो ने स्वतंत्रता सेनानियों के संदेश प्रसारित कर आम नागरिकों को जागरूक किया था। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में उषा मेहता के 'कांग्रेस रेडियो' और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के 'आजाद हिंद रेडियो' जैसे प्रयासों ने जन-जागरण में अहम भूमिका निभाई थी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से और बाद में सिंगापुर/रंगून से रेडियो के जरिए ही देशवासियों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया, साथ ही स्वतंत्रता संघर्ष को नई दिशा दी। रेडियो ने गांवों तक आजादी के संघर्ष की खबरें पहुंचाईं, जिससे देश भर में एकजुटता बढ़ी। बच्चो, जरा सोचो रेडियो बिना लाखों लोगों तक हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की आवाज भला कैसे पहुंचती?



**ज्ञान के प्रसार में सहायकः** आजादी के बाद रेडियो ने साक्षरता, स्वास्थ्य, जागरूकता और कृषि ज्ञान के प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई। यह दूर-दराज के गांवों, पहाड़ी इलाकों और रेगिस्तानी क्षेत्रों में भी स्थानीय भाषाओं में समाचार और मनोरंजन प्रसारित करने वाला सबसे प्रभावी माध्यम बना। स्वतंत्रता की घोषणा से लेकर, महात्मा गांधी, पंडित नेहरू के भाषण और ऐतिहासिक पलों की कमेंट्री रेडियो ने ही घर-घर में पहुंचाई।

**संकटमोचन की भूमिका में रेडियोः** बच्चो, प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, चक्रवात आदि के समय जब अन्य संचार साधन ठप हो जाते हैं, तब रेडियो ही दूर-दराज में रहने वाले देशवासियों को जरूरी सूचनाएं देता है। वर्तमान समय में आकाशवाणी और एफएम चैनलों के माध्यम से प्रधानमंत्री की 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए रेडियो देश के हर तबके तक जुड़ा हुआ है।

**रेडियो के विकास में भारत का योगदानः** वैसे तो पहला व्यावहारिक रेडियो 1895 में गुग्लिएल्मो मार्कोनी द्वारा बनाया गया था, लेकिन भारतीय वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु ने 1895 में बिना तार के सिग्नल भेजने का प्रदर्शन कर दिया था। भारत में पहला रेडियो प्रसारण जून 1923 में बॉम्बे रेडियो क्लब द्वारा किया गया था। अपने देश का ऑल इंडिया रेडियो 99 प्रतिशत जनसंख्या तक पहुंच के साथ दुनिया के सबसे बड़े प्रसारकों में से एक है।


जगदीश चंद्र बसु

**जमीन से लेकर अंतरिक्ष तक रेडियोः** बच्चो, रेडियो तरंगें अंतहीन होती हैं। यदि इन्हें कोई अवशोषित नहीं करता है तो ये अनंत काल तक यात्रा कर सकती हैं। रेडियो बिजली के बिना भी काम करता है। पुराने ट्रांजिस्टर (रेडियो) बैटरी या सेल से चलते थे। रेडियो तरंगें न केवल ध्वनि, बल्कि खगोलीय पिंडों (ग्रहों, तारों) से भी उत्सर्जित होती हैं, जिनका अध्ययन रेडियो टेलीस्कोप से किया जाता है।

**भारत में आकाशवाणीः** ऑल इंडिया रेडियो को 1957 में आधिकारिक तौर पर 'आकाशवाणी' का नाम दिया गया। 14-15 अगस्त 1947 की मध्यरात्रि को नेहरू जी का भाषण ऑल इंडिया रेडियो से ही प्रसारित हुआ था। मां दुर्गा की लोकप्रिय 'महिषासुर मर्दिनी' (महालया) भारत के सबसे पुराने रेडियो कार्यक्रमों में से एक है, जो 1931 से प्रसारित हो रहा है। *

## कुछ रोचक तथ्य



**दुनिया का पहला रेडियो स्टेशनः** बच्चो, दुनिया का पहला व्यावसायिक रेडियो स्टेशन 1920 में अमेरिका में शुरू हुआ था, जबकि भारत में बड़े स्तर पर रेडियो प्रसारण 23 जुलाई 1927 को मुंबई से शुरू हुआ था।

**पहली सिग्नेचर धुनः** ऑल इंडिया रेडियो की मशहूर धुन किसी भारतीय ने नहीं बल्कि एक यहूदी शरणार्थी वाल्टर कॉफमैन ने बनाई थी, जो आज भी ऑल इंडिया रेडियो की पहचान है।

**रेडियो सुनने के लिए लाइसेंसः** आज लोग भले ही कभी भी कहीं भी रेडियो सुन सकते हैं, लेकिन 1920 के दशक में भारत में रेडियो सुनने के लिए बाकायदा लाइसेंस लेना पड़ता था। 1927 में अपने देश में रेडियो लाइसेंस धारकों की संख्या मात्र 3,594 थी।



# बहुत अनोखी झील है ब्लैक सी

बच्चो, दक्षिण-पूर्व यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित ब्लैक सी, कई मायने में सामान्य झीलों से अलग है। ब्लैक सी के निर्माण और इसकी कुछ विशेषताओं के बारे में तुम भी जानो।

यह भी जानो
नयनतारा

बच्चो, ब्लैक सी यानी काला सागर, वास्तव में कोई समुद्र नहीं बल्कि एक विशाल झील है। यह चारों तरफ से जमीन से घिरी हुई है। यह दक्षिण पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के बीच स्थित है। ब्लैक सी के तट छह देशों की सीमाओं को स्पर्श करते हैं। ये देश हैं- यूक्रेन, रूस, जॉर्जिया, तुर्की, बुल्गारिया और रोमानिया।



**संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिनः** भौतिक दृष्टि से ब्लैक सी संसार का सबसे बड़ा मेरोमिक्टिक बेसिन है। 'मेरोमिक्टिक' का अर्थ यह है कि इसका गहरा पानी अनॉक्सिक है यानी उसमें ऑक्सीजन का अभाव है। इस कारण उसका गहरा पानी, ऊपरी परत के ऑक्सीजन युक्त पानी में मिश्रित नहीं होता है। पानी में ऑक्सीजन न होने की वजह से यह 'डेड जोन' बन जाता है, जिसमें 150 मीटर के नीचे कोई समुद्री जंतु या पौधा जीवित नहीं रह पाता है।

**इसलिए कहते हैं ब्लैक सीः** बच्चो, तुम्हारे मन में सवाल उठता होगा कि इस झील को 'ब्लैक सी' क्यों कहते हैं? दरअसल, अधिक ठंड के मौसम में ब्लैक सी में तेज तूफान उठता है, जिससे यह काले रंग के खतरनाक जल प्रवाह के रूप में दिखता है, इसीलिए इस झील को 'ब्लैक सी' नाम से जाना जाता है। इसके अतिरिक्त, प्राचीन समय में तुर्की देश के नाविक उत्तर दिशा (जहां यह सागर स्थित है) को अपने कलर-कोडेड दिशा सूचक व्यवस्था में 'ब्लैक' कलर से प्रदर्शित करते थे, इसलिए भी इसे 'ब्लैक सी' कहा जाता है।

**ऐसे हुआ ब्लैक सी का निर्माणः** भू-वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्लैक सी लगभग 7,500 साल पहले बनी, जब मेडिटेरेनियन यानी भूमध्य सागर में जबर्दस्त उफान आया और उसका विशाल जल प्रवाह बोस्फोरस स्ट्रेट (तुर्की के इस्तांबुल शहर में स्थित एक स्थल) को पार कर एक ताजा पानी की झील में पहुंच गया। इस प्रकार इस अनोखी झील, ब्लैक सी का निर्माण हुआ। *

## ब्लैक सी से जुड़े कुछ अन्य तथ्य

**ब्लैक सी** के गहरे पानी में चूंकि ऑक्सीजन नहीं है इसलिए उसमें मौजूद कोई भी लकड़ी हजारों साल तक गलती नहीं है। यही वजह है कि करीब 2,000 साल पहले इसमें डूबे पानी के जहाजों की लकड़ियां आज भी मौजूद हैं। इस सागर में लहरें नहीं उठती हैं, पानी किसी झील या तालाब की तरह शांत रहता है। नीचे का खारा पानी और ऊपर का ताजा पानी आपस में मिलते नहीं हैं। ऐसा लगता है जैसे दो अलग सागर एक-दूसरे के करीब हों।


कविता / सूर्यकुमार पांडेय

# दांत बन गए नेल कटर

अटर-पटर चटर-पटर,
गेहूं, चावल, दाल, मटर,
फल, मेवे, गुड़ और शक्कर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
झटपट ये बिल के अंदर,
चटपट आ जाते बाहर।
रोटी, बिस्कुट, ब्रेड, बटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
खाते प्लास्टिक की चेयर,
नरम पुराने फर्नीचर,
प्लास्टिक के पाइप, वायर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
तकिया, गद्दे और चादर,
कोट, शर्ट, ऊनी स्वेटर,
काट रहे पेपर-वेपर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।
बड़े चटोरे, बड़े जबर,
मूंगफली, अखरोट कुतर,
दांत बन गए नेल कटर,
चूहे खाते कुतर-कुतर।



## बूझो तो जानें



1 गुजर सके हर एक वस्तु से
पर नजरों से गुम,
कहो कौन-सी किरणें हैं ये
जल्दी बूझो तुम।

2 एक मशीन इलेक्ट्रॉनिक है
बिजली से है चलता,
चित्र खींचता, खेल खिलाता
गणनाएं भी करता।।

3 चाहे हों ये दाएं-बाएं
अथवा ऊपर-नीचे,
लोहे की चीजों को झटपट
पलक झपकते खींचे।।

-डॉ. घमंडीलाल अग्रवाल

उत्तर : 1.एक्स-रे, 2.कंप्यूटर, 3.चुंबक

## जीके क्विज-192

1. भारतीय टीम ने किस देश की टीम को हराकर अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
2. 'हैरी पॉटर' किसकी रचना है?
3. भारत के वर्तमान रेलमंत्री कौन हैं?
4. रामकृष्ण मिशन की स्थापना किसने की थी?
5. मानव शरीर की सबसे छोटी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
6. गुरुत्वाकर्षण की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी?
7. भारत के पहले फील्ड मार्शल कौन थे?
8. सौरमंडल के किस ग्रह को 'लाल ग्रह' भी कहा जाता है?
9. नमक का रासायनिक नाम क्या है?
10. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी?



बच्चो, जीके क्विज-192 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-191 का उत्तरः** 1.निर्मला सीतारमण, 2.कलिंगा लांसर्स, 3.सुभाष चंद्र बोस, 4.पीवी सिंधु, 5.साइरस, 6.अजमेर और दिल्ली, 7.आर.के. षणमुखम चेट्टी, 8.बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय, 9. प्लेटिनम, 10.ओडिशा

**जीके क्विज-191 का सही उत्तर देने वालेः** सतीश-रायपुर, आरसी-कोरबा, आदित्य-मुंगेली, श्रेया-गैसाबाद, कबीर-हिसार, विशाल-रोहतक, राजेश-रायपुर, पंकज-बिलासपुर, पल्लवी-बलौदा बाजार, हर्षित-महासमुंद, चंदन-रायगढ़


कहानी
हरीश कुमार अमित

परीक्षाएं क्या पास आईं, शशांक खेलना-कूदना बंद करके दिन-रात पढ़ाई में जुट गया। उसके दादा जी को इस तरह हमेशा पढ़ाई करते रहना सही नहीं लगा। एक दिन दादा जी ने शशांक को जो बातें समझाईं, अच्छे नंबर लाने के लिए, ये बातें हर बच्चे को जाननी चाहिए, तुम भी जानो।

# परीक्षा का तनाव


एआई इमेज

परीक्षा करीब आने से शशांक बड़े तनाव में था। कुछ दिनों बाद ही उसकी वार्षिक परीक्षाएं, जो शुरू होने वाली थीं। परीक्षा की तैयारी के लिए उसके स्कूल में छुट्टियां घोषित कर दी गई थीं। शशांक पढ़ने में होशियार था। हमेशा अच्छे अंक लाता था। उसके तनाव का कारण यह डर था कि कहीं इस बार उसके अंक कम न आ जाएं। परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए वह सारा दिन पढ़ाई करता रहता। ज्यादा पढ़ाई करने के लिए उसने अपनी नींद भी कुछ कम कर दी थी।

एक दिन दोपहर के समय शशांक पढ़ाई कर रहा था कि तभी उसके होम टाऊन से दादा जी आ गए। साल में एक-दो बार वह कुछ दिनों के लिए शशांक के पास जरूर आ जाया करते हैं। दादा जी का साथ उसे बहुत भाता है। उनसे शशांक का दोस्त जैसा रिश्ता है।

शाम को दादा जी पार्क में सैर करने के लिए जाने लगे तो उन्होंने शशांक से पूछा, 'बेटा, क्या आज तुम्हें अपने दोस्तों के साथ खेलने नहीं जाना?'

'नहीं दादा जी, मुझे परीक्षा की तैयारी करनी है न, इसलिए इन दिनों शाम को दोस्तों के साथ खेलने के लिए नहीं जा रहा हूं।'

दादा जी सैर करके वापस आए, तो उन्होंने देखा कि शशांक अब भी अपनी किताब लिए बैठा है। यह देखकर उन्होंने हैरानी से पूछा, 'अरे बेटा, क्या बात है? तुम शाम को टीवी नहीं देख रहे? तुम तो शाम को टीवी देखा करते थे।'

'दादा जी, परीक्षाएं आने वाली हैं न, इसलिए इन दिनों टीवी देखना भी बंद है।' शशांक का जवाब सुनकर दादा जी चुप रहे, कुछ बोले नहीं। रात का खाना खाने के बाद दादा जी घर में ही थोड़ी देर टहलते जरूर हैं। उन्होंने शशांक को भी अपने साथ टहलने के लिए कहा, लेकिन उसने यह कहते हुए टहलने से मना कर दिया कि पढ़ाई करनी है, परीक्षाएं करीब हैं।

दादा जी हमेशा शशांक के कमरे में ही सोते हैं। रात को शशांक काफी देर बिस्तर पर ही बैठकर पढ़ाई करता रहा और फिर पढ़ते-पढ़ते ही सो गया। आधी रात को जब दादा जी की नींद खुली तो उन्होंने उठकर ट्यूबलाइट बंद की।

शशांक ने सुबह पांच बजे उठकर पढ़ने के लिए अलार्म लगाया हुआ था। सुबह जब अलार्म बजा तो वह बड़ी मुश्किल से उठ पाया। उसकी आंखों में नींद भरी थी। रात को देर से सोने के कारण वह ठीक तरह से पढ़ नहीं पा रहा था। बीच-बीच में उसे झपकी आ जाती।

छह बजे सैर करने जाते समय दादा जी ने शशांक से कहा कि वह भी थोड़ी देर सैर करने चले, लेकिन वह बोला, 'दादा जी, अब मुझे नींद आ रही है। मैं थोड़ी देर सोऊंगा।' दादा जी सैर करके घर वापस आए तब भी शशांक सो रहा था। वह तभी उठा जब मम्मी ने उससे कहा कि वह नाश्ता बनाने जा रही हैं, अब वह उठ जाए।

नाश्ता करने के बाद दादा जी ने शशांक को अपने पास बुलाया और बोले, 'बेटा, तुम परीक्षा की तैयारी के लिए मेहनत तो बहुत कर रहे हो, लेकिन अगर तुम कुछ बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हें दो फायदे होंगे। एक तो तुम्हारी तैयारी और बढ़िया होगी और दूसरा, तुम्हें जो यह परीक्षा का डर सता रहा है, वह भी कम हो जाएगा।'

शशांक बड़े ध्यान से दादा जी की बात सुन रहा था। दादा जी आगे बोले, 'देखो बेटा, एक तो सारा दिन किताबें लेकर बैठने की बजाय बीच-बीच में थोड़ा ब्रेक ले लिया करो। थोड़ी देर दोस्तों के साथ खेलो, थोड़ी देर टीवी देखो, थोड़ी देर घर के लोगों से बातचीत करो। इसके अलावा इन दिनों अपनी नींद में भी कमी करने की जरूरत बिल्कुल नहीं है। पूरी नींद लो।'

'जी, दादा जी।' शशांक ने हामी भरी। 'इन बातों का ध्यान रखोगे तो इससे तुम्हारा दिमाग तरोताजा रहेगा, याद भी अच्छी तरह होगा और परीक्षा की ओर अच्छी तैयारी कर पाओगे। परीक्षा का डर भी तुम्हें कम लगेगा।' दादा जी ने शशांक को समझाया।

'मैं समझ गया, दादा जी।' शशांक कहने लगा। दादा जी की इन बातों का पालन शशांक ने उसी दिन से करना शुरू कर दिया। परीक्षाओं से लगने वाला उसका डर-तनाव कम हो गया था। अब वह शांत मन से और अच्छी तरह पढ़ाई कर पा रहा था।

कुछ दिनों बाद जब उसका परीक्षा परिणाम आया, तो उसके अंक उसकी उम्मीद से बहुत ज्यादा अच्छे थे। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# समझदारी सिखाती प्यारी कहानियां

बच्चो, अभी कुछ समय पहले ही एक बालकथा संग्रह 'दिन में सौ चांद' छपकर आया है। इसमें कुल पंद्रह कहानियां हैं। इनमें से अधिकतर कहानियों के पात्र पशु-पक्षी हैं। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हारा मनोरंजन तो होगा ही, इनसे तुम्हारे भीतर समझदारी भी विकसित होगी।

'दिन में सौ चांद' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह चतुर खरगोश, शेर को दिन में सौ चांद दिखाकर अपनी बात सही साबित कर देता है। सोनू, मोनू बकरियों और जंगू भेड़िए की कहानी 'सोनू की चालाकी' पढ़कर तुम सीख सकते हो कि अगर मुसीबत में भी धीरज और बुद्धि से काम लिया जाए तो मुसीबत से पार पाया जा सकता है। कुछ पक्षियों और एक सांप की कहानी 'हम अच्छे बने रहेंगे' यह सिखाती है कि अगर कोई हमारे साथ अच्छा व्यवहार न करे तो भी हमें अपना व्यवहार अच्छा ही रखना चाहिए। हमारा रूप-रंग कितना भी अच्छा क्यों न हो अगर हम परिश्रम नहीं करेंगे तो हमारा सम्मान नहीं होगा, यह सीख 'मेहनत का सम्मान' कहानी देती है। एक मछली और एक चिड़िया की दोस्ती की प्यारी सी कहानी है 'सोनचिड़ी और सोन मछली', जिसमें तुम पढ़ोगे कि सच्चा दोस्त वही होता है, जो मुसीबत में अपने दोस्त का साथ नहीं छोड़ता। इसी तरह 'सवाल का बवाल' कहानी पढ़कर तुम अपनी हंसी नहीं रोक पाओगे। कई रंगों की कहानियों से सजी यह किताब तुमको जरूर पसंद आएगी। *




**किताबः** दिन में सौ चांद (कहानी संग्रह), **लेखकः** गोविंद शर्मा, **मूल्यः** 175 रुपए, **प्रकाशकः** साहित्यागार, जयपुर

## अंतर बताओ


बच्चो, यहां पपी हाउस के बाहर बैठे एक क्यूट से पपी के दो चित्र दिए हैं। एक जैसे दिखने वाले इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढ कर बताओ।



उत्तर: 1.पपी हाउस के ऊपर बाईं तरफ पेड़ की टहनी में एक पत्ती कम है। 2.पीछे बाईं तरफ रोड़ो कम दिख रही है। 3.पपी के बाएं पैर के ऊपर ब्राउन स्पॉट है। 4.पपी हाउस में ऊपर दाईं तरफ चिमनी बनी हुई है। 5.नीचे दाईं तरफ पत्तियों का रंग अलग है।

## रास्ता बताओ

बच्चो, यहां दिए गए चित्र में हिरण के एक भूखे बच्चे को घास तक पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता जरा टेढ़ा-मेढ़ा है। तुम हिरण के बच्चे को घास तक पहुंचने का सही रास्ता बताओ, ताकि वह घास खाकर अपनी भूख मिटा सके।



## खबर संक्षेप

### शिव मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल हुईं केबिनेट मंत्री



बिश्रामपुर। कैबिनेट मंत्री एवं भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने गृह ग्राम बीरपुर में नवनिर्मित शिव मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सहभागिता कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की,प्राण-प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत बुधवार को प्रातः राम मंदिर पासंग नाला के पास से कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की,कलश यात्रा शिव मंदिर परिसर तक पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के दौरान भंडारे का आयोजन किया गया, वहीं रात्रि में भजन-कीर्तन के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, एकता और आध्यात्मिक चेतना को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों को बधाई देते हुए कहा कि नवनिर्मित शिव मंदिर ग्राम बीरपुर में आस्था और सांस्कृतिक चेतना का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा। कार्यक्रम में प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, अनिल सिंह मेजर, भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### डीएवी में मनाई गई स्वामी दयानंद सरस्वती की जयंती




बिश्रामपुर। नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में गुरूवार को स्वामी दयानंद सरस्वती की 202 वीं जयंती श्रद्धाभाव से मनाई गई,इस अवसर पर सामूहिक वैदिक हवन का आयोजन किया गया,जिसमें विद्यालय प्राचार्य अनामिका भारती एवं अध्यापक- अध्यापिकाओं द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर स्वामी दयानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आयोजन का शुभारंभ किया गया,संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सारी दुनिया जगाई दयानंद ने गीत की संगीतमय मनोरम प्रस्तुति दी,प्राचार्य अनामिका भारती ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना कर समाज सुधार के अनेक कार्य किए और धार्मिक उदारता एवं आपसी भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश की रचना कर सत्य के वास्तविक स्वरूप को लोगों तक पहुंचाया और वेदों का उद्धार किया। शिक्षा का प्रचार-प्रसार, सामाजिक व सांस्कृतिक उन्नयन एवं राष्ट्रीय चेतना जागृत करने में उनका महान योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा,हम सभी को उनके पथ चिन्हों पर चलकर समाज एवं राष्ट्र सेवा के कार्यों में हमेशा तत्पर रहना चाहिए।सामूहिक शांति पाठ के साथ आयोजन का सफल समापन किया गया।

### कबड्डी स्पर्धा में बालिकाओं ने दिखाए जौहर



रामानुजगंज। अखिल भारतीय खेल संगठन क्रीड़ा भारती के तत्वाधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम पंचायत मितगई स्कूल ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि पूर्व सभापति एवं सर्व यादव समाज के प्रदेश महामंत्री राजेश यादव मुख्य रूप से उपस्थित थे। कबड्डी प्रतियोगिता की सराहना करते हुए जिला पंचायत के पूर्व सभापति एवं यादव समाज के प्रदेश महामंत्री राजेश यादव ने कहा कि खेल एक ऐसी विधा है जिससे मनुष्य का शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास होता है। खेल स्वस्थ शरीर के लिए अति आवश्यक है और कबड्डी भारतीय मूल की लोकप्रिय खेल है। प्रतियोगिता के आयोजक क्रीड़ा भारती का सराहना करता हूं। क्रीड़ा भारती के संयोजक अजय यादव ने प्रतियोगिता के बारे में बताया कि क्रीड़ा भारती का उद्देश्य खेल- खेल चरित्र निर्माण एवं चरित्र निर्माण से राष्ट्र निर्माण का संकल्प के साथ इस खेल के माध्यम से गांव के मिट्टी से ओलंपिक मेट की ओर खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना है। प्रतियोगिता में कुल 8 टीम ने भाग लिया जिसमें 2 टीम बालिका वर्ग ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राजेश यादव द्वारा विजेता टीम एवं उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। सभी प्रतिभागी टीम को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस दौरान श्रवण यादव, प्राचार्य अजय गुप्ता, चन्द्रदीप यादव, पीटीआई परमेश्वर पैकरा, संजीव तिर्की, पूजा गुप्ता, पीके यादव, रेयाजुद्दीन शेख सहित अन्य जनप्रतिनिधि, शिक्षक, खेल प्रेमियों मौजूद थे ।

### किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत



राजपुर। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी एवं किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा मंडल राजपुर के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम की शुरुआत बारियों मंडल से हुई, जिसके बाद राजपुर नगर के विभिन्न चौक-चौराहों पर जगह-जगह स्वागत किया गया।कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं, साफा पहनाकर एवं क्षेत्र की पारंपरिक शैला नृत्य कर्मा नृत्य में साथ तथा जयघोष के साथ नेताओं का अभिनंदन किया। किसानों ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के सम्मान में ट्रैक्टर रैली भी निकाली। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान मोर्चा एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष मुन्ना लाल चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने किसानों से सरकार की योजनाओं का लाभ लेने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने कहा कि किसान मोर्चा गांव-गांव जाकर किसानों की समस्याओं को सुन रहा है।

## जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किया निर्देश, अवहेलना पर होगी मान्यता समाप्त

# निजी स्कूल अभिभावकों से नहीं वसूल सकेंगे मनमाना शुल्क, दुकानों का निर्धारण भी बंद

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।

आगामी शिक्षा सत्र से निजी स्कूल न तो मनमाने तरीके से अभिभावकों से शुल्क वसूल सकेंगे न ही निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकों को ही खरीदने के लिए मजबूर कर सकेंगे। दुकान विशेष से पुस्तक, कॉपी, जूता एवं अन्य सामग्री खरीदने का निर्देश देने वाले स्कूलों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है तथा उनकी मान्यता तक समाप्त हो सकती है।

निजी स्कूलों द्वारा साल दर साल की जा रही फीस वृद्धि, पाठ्य पुस्तकों में बदलाव एवं विभिन्न मदों में शुल्क वसूलने से अभिभावक परेशान हैं। इस संबंध में प्रायः हर साल अभिभावक विरोध-प्रदर्शन करने के साथ ही स्कूलों की मनमानी के विरूद्ध लगातार शिकायतें भी करते रहे हैं लेकिन स्थितियों में कोई खास बदलाव नहीं आ रहा था। मनमानी की लगातार मिल रही शिकायतों को कलेक्टर ने गंभीरता से लिया है। कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने निजी स्कूलों को कड़े निर्देश जारी किए है। निर्देशों के तहत अब निजी स्कूल की महंगी किताबों के बदले एनसीईआरटी, एससीईआरटी द्वारा प्रकाशित अथवा समकक्ष पुस्तकों को ही पाठ्यक्रम में शामिल करेंगे। स्कूल न तो पुस्तक, कॉपी, यूनिफॉर्म व अन्य सामग्री किसी दुकान विशेष से खरीदने का ही निर्देश दे सकेंगे न ही मनमाना शुल्क बढ़ा सकेंगे। निर्देश के अनुसार समाज के हर वर्ग के प्रतिनिधित्व वाली न्यूनतम 16 सदस्यीय विद्यालय प्रबंधन समिति नियमानुसार शुल्क का निर्धारण करेगी। कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित 9 सदस्यीय समिति के अनुमोदन उपरांत ही इसे लागू कर सकेगी। स्कूल प्रबंधन को कक्षाएं प्रारंभ होने के पूर्व अभिभावकों को पुस्तक, कॉपी, ड्रेस आदि के संबंध में समुचित जानकारी देनी होगी तथा सूचना पटल पर प्रदर्शित करने के साथ ही इसकी जानकारी डीईओ को देनी होगी। निजी स्कूलों को पाठ्यक्रम में एनसीईआरटी, एससीईआरटी एवं समकक्ष पुस्तकों को प्रमुखता के साथ शामिल करने के निर्देश दिए है। निर्देशों की अवहेलना करने की शिकायत पर मान्यता समाप्त करने की चेतावनी दी गई है।



### नहीं ले सकेंगे अन्य मदों का शुल्क

शिक्षा संहिता में 12 मदों को शुल्क के लिए अधिसूचित किया गया है जिसमें शिक्षण शुल्क, परीक्षा शुल्क, स्काउट-गाइड, शाला विकास, विज्ञान, पत्रिका पुस्तकालय, रेडक्रॉस, स्वास्थ्य बीमा, क्रीडा, क्रिया-कलाप, निर्धन छात्र निधि, एवं बागवानी शुल्क निर्धारित है। इसके अतिरिक्त निजी स्कूल प्रवेश शुल्क, कम्प्यूटर, बिजली-पानी, एसडब्ल्यूपी, स्मार्ट क्लास, कार्ड, स्कूल दिवस, नो-ड्यूज व वार्षिकोत्सव व शुल्क वसूलते है। अधिसूचित शुल्कों के अतिरिक्त मदों की शुल्क को पूरी तरह प्रतिबंधित किया है। अगर टीई के तहत प्रवेशित कक्षा 1ली से 8वीं तक के बच्चों से अधिसूचित 12 मदों का शुल्क भी प्रतिबंधित है। प्रशासन अधिसूचित सुविधाओं की समीक्षा के उपरांत ही स्कूल प्रबंध समिति द्वारा निर्धारित शुल्क की अनुशंसा देगी। निर्धारित शुल्क भी प्रबंधन को सार्वजनिक करना होगा।

### निर्धारित समय से शुरू होंगी कक्षाएं

प्रशासन ने सीजी बोर्ड से मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों को 16 जून से एवं सीबीएसई से मान्यता प्राप्त स्कूलों को 1 अप्रैल से कक्षाएं प्रारम्भ करने निर्देशित किया है। सीजी बोर्ड की मान्यता लेकर सीबीएसई पाठ्यक्रम संचालित करने की शिकायत पर स्कूलों की मान्यता समाप्त करने के साथ ही दण्ड राशि भी वसूली जाएगी। अधिसूचित मद के अतिरिक्त मद की राशि लेने वाले स्कूलों से कैपिटेशन राशि वसूलने मान 10 गुना अधिक दंड राशि अधिरोपित की जाएगी। डीईओ निजी स्कूलों को 24 नवम्बर को कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई कार्यवाही विवरण को भी भेजा है।

### अवैध वसूली पर होगी कार्रवाई

निजी स्कूलों द्वारा मनमानी शुल्क सहित अन्य शिकायतों पर प्रबंधन को विभिन्न बिंदुओं का निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर द्वारा गठित समिति की अनुशंसा उपरांत ही निजी स्कूल शुल्क बढ़ा सकेंगे। निर्देशों की अवहेलना पर मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

डॉ.दिनेश झा
डीईओ

## बोर्ड परीक्षा के लिए प्राचार्य और केंद्राध्यक्षों को दिया प्रशिक्षण



बिश्रामपुर। कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा के सफल संचालन के संबंध में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सभा कक्ष में जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिले के सभी परीक्षा केंद्र प्रभारी और संबंधित प्राचार्यों की एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया,जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आगामी बोर्ड परीक्षाओं के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन हेतु नियुक्त सभी केंद्र अध्यक्षों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक केंद्र अध्यक्ष परीक्षा केंद्र पर गोपनीयता, अनुशासन एवं शुचिता बनाए रखने के लिए पूर्णतः उत्तरदायी होंगे। प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं की सुरक्षित प्राप्ति, भंडारण एवं समयानुसार वितरण सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। परीक्षा प्रारंभ से पूर्व कक्ष निरीक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करना तथा नकल एवं अनुचित साधनों पर प्रभावी रोक लगाना अनिवार्य रहेगा। साथ ही पर्याप्त बैठक व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, फर्स्ट एड बॉक्स एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अलावा किसी भी आकस्मिक स्थिति की सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में बोर्ड परीक्षा संपन्न होने उपरांत उत्तरपुस्तिकाओं के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध मूल्यांकन हेतु मास्टर ट्रेनर तथा पीएम श्री स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रामानुजनगर के प्राचार्य पीसी सोनी द्वारा सभी मूल्यांकन केंद्र प्रभारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए गए। मूल्यांकन कार्य पूर्ण गोपनीयता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप किया जाएगा। मुख्य परीक्षक एवं सहायक परीक्षकों को मॉडल उत्तर एवं अंक विभाजन योजना के आधार पर पूर्व प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे मूल्यांकन में एकरूपता बनी रहे।

## पीएम श्री सेजेस जयनगर के विद्यार्थियों ने आकाशवाणी केंद्र का किया शैक्षणिक भ्रमण



बिश्रामपुर। पीएम श्री सेजेस जयनगर के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया,शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आकाशवाणी केंद्र अंबिकापुर, मौसम विभाग तथा हनीबी पार्क का दौरा कर विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की,विद्यार्थियों को आकाशवाणी केंद्र के वरिष्ठ अभियंता अरुण श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को आकाशवाणी की कार्यप्रणाली एवं प्रसारण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आकाशवाणी केंद्र से प्रसारित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम देश की जनजातीय सभ्यता और संस्कृति को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं,विद्यार्थियों को बताया गया कि आकाशवाणी केंद्र में मुख्य रूप से दो विभाग कार्यरत हैं,इंजीनियरिंग विभाग एवं सांस्कृतिक विभाग,दोनों विभागों के समन्वय से विभिन्न कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है,विद्यार्थियों ने जाना कि आधुनिक मशीनों की सहायता से ध्वनि रिकॉर्डिंग, संपादन,एडिटिंग तथा ट्रांसमीटर एवं एम्प्लीफायर के माध्यम से प्रसारण की प्रक्रिया किस प्रकार संपन्न होती है,साथ ही भारत सरकार द्वारा संचालित आकाशवाणी मोबाइल ऐप के बारे में भी जानकारी दी गई,इसके पश्चात विद्यार्थियों ने मौसम विभाग का दौरा किया,जहां शिवानी मिश्रा ने विभिन्न मौसम मापक उपकरणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी,विद्यार्थियों को इवैपोरेशन मीटर द्वारा पानी के वाष्पीकरण की मात्रा ज्ञात करने की प्रक्रिया समझाई गई,एनीमोमीटर से हवा की गति तथा विंड वेन से हवा की दिशा मापने की जानकारी दी गई। साथ ही स्टीवेंसन स्क्रीन में लगे चार थर्मामीटर, अधिकतम, न्यूनतम,ड्राई बल्ब एवं वेट बल्ब कार्यों के बारे में बताया गया,जिनसे तापमान एवं आर्द्रता का मापन किया जाता है,विद्यार्थियों ने ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन के बारे में भी जानकारी प्राप्त की,जहां से सभी मौसम संबंधी आंकड़े स्वचालित रूप से दर्ज होकर रडार के माध्यम से दिल्ली भेजे जाते हैं।

## शिक्षा के साथ प्रथम गुरु के रूप माता पिता का दिया संस्कार बच्चों को बनाता है महान

सीतापुर। स्कूली बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार की भावना जगाने संस्कृति इंग्लिश मीडियम स्कूल पेटला में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर सम्मेलन में वक्ता के रूप में हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्य मैरी मंजरी मिंज, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गुप्ता, डॉ. नीरज गुप्ता, शिक्षक मगलूब आलम संदीप गुप्ता थे। सम्मेलन को वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों की प्रथम गुरु मां होती है। स्कूल जाने से पहले तक बच्चा अपने माता पिता के सानिध्य में पहला ज्ञान प्राप्त करता है। इस दौरान अभिभावक बच्चे को जो सिखाते है वो उसके स्मृति पटल पर अविस्मरणीय रूप से अंकित हो जाता है। इसलिए शिक्षा के साथ माता पिता का संस्कार सदैव मिलना चाहिए। प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय ने संबोधित करते हुए कहा कि बच्चा गीली मिट्टी के समान होता है। उसे पहला आकर देते है माता पिता जो बच्चों को अपने प्रारूप में ढालते है। वहां के बाद शिक्षक बच्चों को पूरा स्वरूप प्रदान करता है जो आगे जाकर समाज को एक नई दिशा देता है। अभिभावकों को बच्चों की क्षमता को पहचान कर उन्हें सही दिशा देनी चाहिए लेकिन आज कल घरों में बच्चों को वो माहौल नहीं मिल पा रहा है नो उन्हें मिलना चाहिए। सम्मेलन के अंत मे संस्था के चेयरमैन तिलक बेहरा ने सभी अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



## गर्ल्स स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज. रजपुरी कला

शिक्षा के क्षेत्र में अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर में कक्षा बारहवीं की छात्राओं के लिए एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव एवं समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कक्षा 9वीं 10वीं व 11वीं की छात्राओं द्वारा सुंदर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा गीत, एकल नृत्य एवं हास्य प्रस्तुतियों ने पूरे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक मिस फेयरवेल प्रतियोगिता रहा। प्रतियोगिता में कुर्सी राउंड एवं विभिन्न प्रश्नोत्तर के माध्यम से छात्राओं का चयन किया गया। अंतिम चरण में कुमारी मनीषा राजवाड़े को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर मिस फेयरवेल घोषित कर स्मृति-चिह्न भेंट किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। कभी मिलन होता है, तो कभी बिछोह भी। किंतु जीवन में संतुलन बनाए रखना सबसे आवश्यक है। यह विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि एक परिवार है, जो हमेशा आपके साथ रहेगा। उन्होंने छात्राओं को जीवन में अनुशासन, संस्कार और परिश्रम को अपनाने की सीख दी।

## आराधना सहित सात शिक्षक होंगे राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

अंबिकापुर। शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरगुजा के सात शिक्षकों ने राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। देश के सबसे बड़े स्वप्रेरित नवाचारी शिक्षक समूह द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले प्रतिष्ठित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान 2025–26 के लिए शिक्षकों के नाम घोषित किए गए हैं। चयनित शिक्षकों ने अपने-अपने विद्यालयों में पढ़ाई को रोचक, तकनीक-संयुक्त और नवाचारपूर्ण बनाकर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को बेहतर किया है। सम्मान के लिए चयनित शिक्षक में अंबिकापुर की परसा मिडिल स्कूल में पदस्थ आराधना तिवारी को सम्मानित किया जाएगा। इन्होंने स्कूल के बच्चों को राजनात्मक गतिविधियों से जोड़ा है और स्कूल के बच्चों का राष्ट्रीय पत्रिका चकमक में लगातार हर अंक में रचनाएं प्रकाशित हो रही हैं। इनके स्कूल के बच्चों में कविता, कहानी लेखन क्षमता विकसित हुई है जिसमें इनका अहम योगदान है। आराधना तिवारी के अलावा बतौली से उमा साहू, लखनपुर से पूर्णिमा मेहता, लुंड्रा से रिंकी पैकरा, सीतापुर से सरिता एक्का तथा उदयपुर से रजनीकांत साहू का चयन हुआ है। अधिकारियों और सहकर्मियों ने सभी चयनित शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान सरगुजा के शिक्षा स्तर को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान दिलाएगा।



## नाराज कार्यकर्ता ने सोशल मीडिया में विधायक के खिलाफ की अभद्र टिप्पणी,थाने में शिकायत होने पर मांगी माफ़ी

बिश्रामपुर। पार्टी के नाराज कार्यकर्ता ने प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी के खिलाफ सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी जिसके बाद भाजयुमो ने मामले में जयनगर थाने में शिकायत दर्ज कर कार्रवाई की मांग कर दी,भाजयुमो मंडल अध्यक्ष राजकुमार यादव ने जयनगर थाना प्रभारी को सौंपे आवेदन में बताया कि परसापारा निवासी मुन्ने राजवाड़े (पिता देवनाथ) ने फेसबुक पोस्ट के माध्यम से विधायक के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया,वहीं उक्त पोस्ट पर इंद्रजीत राजवाड़े द्वारा भी टिप्पणी में अभद्र व गलत शब्द लिखे गए।

शिकायत में कहा गया कि इस पोस्ट से विधायक की छवि धूमिल हुई है, जिससे समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में आक्रोश है,दोनों युवकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की गई,बताया गया कि देर रात भाजपा व भाजयुमो कार्यकर्ता जयनगर थाने पहुंचे और कार्यवाही हेतु शिकायत आवेदन सौंपा,जिसके बाद पुलिस युवकों की तलाश में जुट गई।

सूत्रों के अनुसार पुलिस द्वारा अगले दिन दोनों युवकों को पकड़कर विधायक से मिलवाने ले जाया गया जहां पर दोनों नाराज कार्यकर्ता द्वारा सार्वजनिक माफी मांगने के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया,उक्त मामले में जयनगर थाना प्रभारी निरीक्षक रूपेश कुंतल एक्का ने बताया कि दोनों युवक उसी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और किसी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किए जाने से नाराज होकर सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी कर दी थी,शिकायत मिलने पर पुलिस ने दोनों को पकड़कर प्रेमनगर विधायक के सामने ले जाया गया,जहां माफीनामे के बाद में उन्हें अब छोड़ दिया गया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## संतोषी माता मंदिर स्थापना के वार्षिकोत्सव पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

# धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोते हैं : उद्देश्वरी

राजपुर। ब्लॉक मुख्यालय स्थित मां महामाया मंदिर परिसर में संतोषी माता मंदिर स्थापना के चतुर्थ वार्षिकोत्सव पर भव्य सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। उन्होंने छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि बचपन से ही संस्कारों का बीजारोपण भावी पीढ़ी के उज्जवल निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के आयोजक जनपद उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महामाया मंदिर परिसर की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं। समाजसेवी अशोक अग्रवाल एवं आकाश अग्रवाल द्वारा विगत कई वर्षों से क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जा रहा है। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में कुल 22 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में सनातन संस्कृति की मनमोहक झांकियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। ज्ञान सागर पब्लिक स्कूल, राजपुर की छात्राओं ने मां काली एवं मां दुर्गा पर आधारित भक्ति पूर्ण प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 11 हजार रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। द्वितीय स्थान सनशाइन स्कूल राजपुर को मिला जिन्हें 5,100 रुपये की पुरस्कार राशि दी गई। शेष प्रतिभागी टीमों को प्रोत्साहन स्वरूप 11-11 सौ रुपए की सांत्वना राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय दुबे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद गुप्ता एवं रेंजर महाजन लाल साहू शामिल रहे। इस दौरान शिव महिमा का अभिनय करने वाले बाल कलाकारों को भी उनकी उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, जिला महामंत्री संजय सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, जनपद अध्यक्ष विनय भगत, कैलाश अग्रवाल, प्यारेलाल जायसवाल, धनसीराम अग्रवाल, बीएमओ डॉ. रमेश जायसवाल, नगर पंचायत के पार्षद सहित अन्य मौजूद थे।



